# अजमेर में केंद्रीय मंत्री चौधरी ने सुनी मोदी के मन की बात

**अजमेर** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात के 117वें एपिसोड में उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों ने समाज को नई दिशा और प्रेरणा दी है। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार को किशनगढ़ स्थित आवास एवं कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को सुना।

**▪ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात के 117वें एपिसोड में उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों ने समाज को नई दिशा और प्रेरणा दी है।**



पीएम मोदी के मन की बात सुनते हुए केंद्रीय मंत्री चौधरी ( बीच में ) सहित अन्य।

प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए विषय प्रासंगिक: मीडिया से संवाद करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन सदैव ही प्रेरणादायक होता है, जिससे जनहित में कार्य करने हेतु नई ऊर्जा प्राप्त होती है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने जिन विषयों को उठाया, वे देश और समाज के उत्थान के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनका स्वास्थ्य क्षेत्र में मलेरिया और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खिलाफ लड़ाई का जिक्र और प्रयागराज महाकुंभ 2025 में एआई चैटबोट जैसी आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल का आव्हान हमारे देश को उन्नति के पथ पर ले जाने के प्रतीक हैं।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन हमें समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए और अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा देता है। श्मन की बातश् कार्यक्रम से प्राप्त संदेशों को आत्मसात करते हुए वे अपने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे।

## कथा का महात्तम बताया

**अजमेर** (कासं)। वैशालीनगर, वनविहार मांगीलाल साहू का कुआं स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक रामकृष्ण महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत का श्रवण करने से पापाचारी, अनाचारी, दुष्ट व्यक्ति भी सद्गति प्राप्त करने योग्य हो जाता हैं। तो सदाचारी को श्रवण से कितना पुण्य मिलता है, इसकी कल्पना नहीं कर सकते।

प्रवक्ता आभा गांधी ने बताया कि कथा वाचक श्री रामकृष्ण महाराज ने आज कथा स्थल पर राजा परीक्षित द्वारा शुक्रदेव को सुनाई गई सांसारिक जगत की व्याख्या को बताया। भजनों के माध्यम से भागवत कथा का रसवादन कराया। श्रोताओं और श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया। जगदीशप्रसाद साहू ने बताया कि सोमवार को श्रीकृष्ण बाल लीला, श्री गोवर्धन पूजन का कथा वाचन होगा। इस अवसर क्षेत्रीय पार्षद एवं भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने व्यास पीठ की आरती उतारी। महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में नारायण जयसिंघानी, राजेंद्र गोयल, राजेश भाटिया, जुगल किशोर जाजू, राजेंद्र गांधी, रानी गुप्ता वर्मा, प्रेम व्यास, ललीता, वीना गोयल, नीना विद्या पाराशर, चन्द्रकला गांधी, जगदीश चन्द्र शर्मा, रामनिवास वैष्णव, अमित वर्मा, वृद्धि शंकर व्यास, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, लाल आसवानी, गजेन्द्र शर्मा सहित काफी संख्या में महिला, पुरुष एवं क्षेत्रवासी आदि उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं 27 से

**अजमेर** । महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर आगामी माह 27 एवं 28 जनवरी 2025 को भारत के संविधान के 75 वर्ष थीम पर आधारित अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के जरिए अपना आवेदन-पत्र विश्वविद्यालय को प्रेषित कर सकेंगे, जिसकी अंतिम तिथि 22 जनवरी 2025 रहेगी।

छात्र कल्याण के अधिष्ठाता प्रो. सुभाष चन्द्र ने बताया कि स्पॉट पेन्टिंग, कोलाज मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टून बनाना, रंगोली, फोटोग्राफी एवं मेहंदी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बतायाए सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भारतीय संगीत कला जिसमें गायन वादन के साथ साथ पाश्चात्य संगीत प्रतियोगिताओं के भी आयोजन होंगे, जिसमें सामूहिक गायन, लोक संगीत तथा नृत्य सेक्शन में लोकनृत्य, जनजातीय नृत्य एवं शास्त्रीय नृत्य पर भी छात्र अपनी प्रस्तुति दे सकेंगे। साहित्यिक विषयों में क्विज, वक्तृता (इलोक्युशन) तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही थिएटर थीम में वन एक्ट प्ले, स्किट, मिमिक्री की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का विद्यार्थियों को अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि सभी प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय परिसर में ही आयोजित की जाएंगी।

## कथा में श्रद्धालू भावविभोर हुए

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। सोनी परिवार की और से महेशविहार में आयोजित श्रीमद् कथा के छठे दिवस निंबार्काचार्य पीठाधीश्वर जगदगुरु श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भक्त जिस रूप में लीला पुरुषोत्तम धारी को भजता है, प्रभु उसी रूप में अवश्य ही मिलते हैं। गिरिराज धरण के समय ब्रजवासियों को विश्वास हो गया कि कन्हैया में निश्चित ही अद्भुत विशेषताएं हैं। बृजवासी आपस में चर्चा करने लगे कि कृष्ण कन्हैया कोई साधारण बालक नहीं है, बल्कि उन्हें परमात्मा का विशेष अनुठाह प्राप्त है। बृजवासी कृष्ण कन्हैया से पूछने लगे कि तुम किस देवलोक के वासी हो, हमें तुम्हारा देवलोक देखना है, तब बालकृष्ण ने कहा कि में कोई देवता नहीं हूं, नंदबाबा मेरे पिता है, यशोदा मेरी माता है, लेकिन ब्रजवासियों के काफी अनुग्रह विनय पर प्रभु सर्वेश्वर सभी को बैकुंठधाम के दर्शन के लिए ले जाते हैं। बैकुंठ धाम पहुंचकर बृजवासियों को अपने ब्रज की काफी याद आती है और वे कन्हैया से फिर से ब्रज चलने का आठाह करने लगते हैं तब लीलाधारी पुरुषोत्तम सभी ब्रजवासियों की बैकुंठधाम की स्मृति का लोप करके उन्हें फिर से भूलोक के ब्रजमंडल में ले आते हैं। कथा में भजन के बीच जगदगुरु श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज श्रीमद् भागवत कथा रस वर्षण को आगे बढ़ाते हुए कहते हैं कि भक्त भगवान को जिस भाव व रूप से भजता है वे उसी रूप में भक्त के साथ रहते है। ब्रज के लोगों के साथ बाल रूप में लीलाधारी पुरुषोत्तम का बाल लीलाएं करते हुए वन में गायों संग विचरण करते हुए सखा भाव था, मित्रता का भाव था ।

## 'जिले हटाना दुर्भाग्यपूर्ण'

**मदनगज-किशनगढ़** । विधायक डॉ. विकास चौधरी ने अजमेर जिला से केकडी व दूदू को जिला की श्रेणी से बाहर करने पर नाराजगी जताई। तत्कालीन गहलोत सरकार ने प्रदेश में कई नये जिला बनाकर सौगात दी, ताकि क्षेत्रीय लोगो को दूर दराज जाने के बजाय नजदीक सरकारी सेवा उपलब्ध हो सके, किंतु भजनलाल सरकार ने नो जिला के साथ दूदू व केकडी को जिला की श्रेणी से बाहर कर लोगो के विश्वास के साथ कुठाराघात किया है। विधायक चौधरी ने आरोप लगाया की डबल इंजन की सरकार में मंत्रियों के क्षेत्र में बनाये गये जिला हटा दिये गये, किंतु मंत्री रहस्यमय चुप्पी साधकर बैठ गये। गहलोत सरकार ने उस समय जिला मुख्यालय पर कई विभाग की बिल्डिंग बनाई और कलेक्टर एस पी तैनात कर आमजन को राहत दी, पर भजनलाल सरकार ने एक साल बाद ही इनकी उम्मीदो पर पानी फेर दिया।

## 'भारत ने एक सच्चा राष्ट्रभक्त खोया'

**▪ कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री सिंह को दी श्रद्धांजलि**

**अजमेर** (कासं) । शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को केसरगंज स्थित शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को देश और कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

कांग्रेस प्रवक्ता अंकुर त्यागी ने बताया कि शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में रविवार को प्रात:11:30 बजे केसरगंज स्थित शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर दिवंगत प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी की नीतियों से देश आर्थिक उन्नति व प्रगति की ओर बढ़ा। भारतवासियों ने एक सच्चा राष्ट्रभक्त, मनीषी, भारत की आर्थिक प्रगति का जनक और श्रेष्ठ मार्गदर्शक को खो दिया है। उन्होंने रिजर्व बैंक के गवर्नर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, यूजीसी चेयरमैन, आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्री आदि महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक सुधार का जनक कहा जाता है। बेहद सरल व मृदुभाषी स्वभाव की वजह से पूरे जीवन काल में सबसे चहेते रहे। उनके निधन से देश को ऐसा नुकसान हुआ हैए जिसकी भरपाई संभव नहीं है। शहर कांग्रेस प्रवक्ता अंकुर त्यागी ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस के नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, महेंद्र सिंह रलावता, हेमंत भाटी, अमोलक सिंह छाबड़ा, शैलेंद्र अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. सुनील लारा, लक्ष्मी बुंदेल, शिव कुमार बंसल, सागर मीणा, मनीष सेन, डॉ. एसडी मिश्रा सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

अजमेर डेयरी में भी शोकसभा आयोजित : अजमेर डेयरी में भी शोकसभा का आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि डॉ.मनमोहन सिंह ने अपने जीवन में भारत सरकार में एवं विदेशो में उच्च पदो पर अपने कार्य से धाक जमाई थी। डॉ. सिंह के निधन से देश ने महान अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, दार्शनिक, आधुनिक भारत के नवनिर्माण के महान योद्धा को खो दिया।

## देवनानी के प्रयासों से मिला बजट, हटी अड़चनें

**अजमेर** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आरएसआरडीसी को निर्देश दिए हैं कि कचहरी रोड पर बनाई जा रही सड़क वॉल टू वॉल बनाई जाए। सड़क का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाए। जहां जरूरत हो वहां सीमेन्ट कंक्रीट भी उपयोग में लिया जाए। आमजन एवं दुकानदारों को एक मजबूत एवं सुव्यवस्थित सड़क मिलनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार शाम को कचहरी रोड पर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कई महीनों से प्रशासनिक एवं अदालती अड़चनों के कारण इस सड़क के निर्माण कार्य में लगातार अड़चनें आ रही थीं। देवनानी ने स्वयं पैदल चलकर गांधी भवन से इण्डिया मोटर्स सर्किल तक सड़क का निरीक्षण किया।

उन्होंने सड़क को वॉल टू वॉल नहीं बनाने पर आरएसआरडीसी के अधिकारियों को फटकारा। उन्होंने कहा कि दीवार और सड़क के बीच गैप रहने से समस्या वैसी की वैसी रह जाएगी। आमजन को पूरी सड़क नहीं मिली तो अतिक्रमण हटाने और सड़क चौडी करने का कोई फायदा नहीं होगा।

देवनानी ने गांधी भवन से इण्डिया मोटर्स सर्किल तक पूरी सड़क का पैदल चलकर जायजा लिया। उन्होंने गांधी भवन, बंगाली गली, सिंधी गली, रेल्वे क्वार्टर, एलआईसी, हाथी भाटा गली, पीएनबी, ब्रहमपुरी गली, क्षेत्रापाल अस्पताल एवं इण्डिया मोटर्स सर्किल तक प्रत्येक पॉइन्ट को देखा एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण दोनों तरफ यथा शीघ्र किया जाएं ताकि लोगों को महीनों से हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

## 380 व्यक्तियों का हुआ सम्मान

**अजमेर** (कासं)। माहेश्वरी सभा संस्था अजमेर जिला के तत्वावधान में रविवार को राजीव गांधी सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें करीब 380 व्यक्तियों का सम्मान किया। जिला अध्यक्ष संदीप मून्दड़ा एवं जिला मंत्री अशोक जैथलिया ने बताया कि सम्मान समारोह में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा, महामंत्री अजय काबरा, अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन के अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा, महासभा संयुक्त मंत्री रमाकान्त बाल्दी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में श्रीगोपाल राठी मुख्य अतिथि, दीपक झंवर स्वागताध्यक्ष रहे। लालबहादुर एडवोकेट जनरल राजस्थान हाईकोर्ट राजेन्द्र प्रसाद भी उपस्थित रहें।

## निकला नगर कीर्तन

**अजमेर** ।खालसा पंथ के संस्थापक और सिक्खों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह महाराज के आगामी 6 जनवरी को आने वाले प्रकाश पर्व को लेकर रविवार को अजमेर में सुबह 11 बजे हाथीभाटा गुरुद्वारा से नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुद्वारा प्रधान सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के लिए खासतौर पर कोटा से बस मंगवाई गई, जिसमें गुरुग्रंथ साहिब का नगर कीर्तन निकाला। नगर कीर्तन में दिल्ली की गतका पार्टी के कलाकार हैरतअंगेज कारनामे दिखाते हुए आगे चल रहे थे।

नगर कीर्तन विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः हाथी भाटा गुरुद्वारे पर संपन्न हुआ, जहां धार्मिक आयोजन के साथ लंगर बरताया गया। **व्यापारिक संगठनों ने किया स्वागत:** हाथी भाटा गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए चूड़ी बाजार नया बाजार गोल प्याऊ आगरा गेट नसियां महावीर सर्किल होते हुए गंज गुरुद्वारा पहुंचने पर व्यापारिक संगठन गंज एवं श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के साथ-साथ आगरा गेट व्यापारिक संगठन के द्वारा भी पुष्प वर्षा करके अभिनंदन किया गया ।

आगरा गेट व्यापारिक संगठन के अध्यक्ष सुरेश तंबोली श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी व्यापारिक संगठन गंज के अध्यक्ष मानमल गोयल महासचिव गोविंद लालवानी सचिन पुखराज जंगम सहित अनेक अन्य पदाधिकारीयों ने नगर कीर्तन का अभिनंदन किया और पंच प्यारों का भी अभिनंदन किया गया।

## बस में सफर करने वाले मसूदावासियों की बढ़ती परेशानी

**मसूदा** (निसं.)। अजमेर से देवमाली वाया मसूदा रोडवेज बसों से यात्रा करने वाला यात्री ओवरलोड बस में सफर करने पर मसूदा क्षेत्रवासी मजबूर हो गया है। अजमेर डिपो द्वारा किसके कहने से अजमेर से देवमाली सीधी बस सेवा शुरू की गई है यह एक गम्भीर विषय है पहले अजमेर से मसूदा बस सुचारू रूप से चल रही थी लोग रोजगार के लिए रोज आते जाते थे एवं सरकारी कर्मचारी भी अजमेर से मसूदा व मसूदा से अजमेर रोज सफर कर रहे थे। विद्यार्थियों को भी सुविधाएं उपलब्ध हो रही थी परन्तु पिछले कुछ दिनों से देवमाली में केंसर का झाड़ा लगाने के लिए दूर दूर से यात्रियों की आवाजाही शुरू हुई तब से अजमेर से देवमाली वाया मसूदा बसे संचालित की गई हैं 'और होना भी चाहिए, देवमाली के लिए अलग से बस सुविधा उपलब्ध करवानी चाहिए अजमेर से देवमाली की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए संचालित हो।जबकि दर्जनों लोग अजमेर से मसूदा आते है मसूदा से अजमेर यात्रा करते हैं उनके लिए खांसी परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर वृद्धाजन महिलाएं एवं दिव्यांग जनों को बसों में खड़े-खड़े आना पड़ता है कई बार तो बस ओवरलोड होने के कारणयात्री बस स्टैंड पर ही छूट जाते हैं। यात्रियों की बढ़ती परेशानियां क्षेत्र के किसी भी जनप्रतिनिधि को नजर नहीं आ रहा है !रोडवेज बसों का मसूदा में ठहराव नहीं होने से रोजगार पर संकट गहराता नजर आ रहा है।मसूदा में बसों के ठहराव से कस्बे की चाय की दुकान, फल फ्रूट, कपड़ा व्यापारी आदि यात्री दुकानदारों से खरीददारी करते थे लेकिन जब से रोडवेज बस सीधी देवमाली जाने से उसमें जो यात्री यात्रा करने वाले हैं वह देवमाली में ही खरीदारी कर लेते हैं ऐसे में मसूदा में व्यापारियों के सामने रोजगार का संकट गहराता नजर आ रहा है। सबसे गंभीर विषय यह है कि मसूदा से अजमेर आने जाने के लिए दर्जनों यात्रियों को जिसमें किसी को चिकित्सालय के लिए जाना हो किसी को विद्यार्थियों का रोज का आवागमन व क्षेत्र वासियों को अन्य सामान खरीदने आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नई कार्यकारिणी का गठन : मसूदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अंधेरीदेवरी में संचालित राजस्थान सीमेंट कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन का आयोजन किया गया था अधिवेशन श्री सांवलिया विश्रांति गृह चित्तौड़गढ़ में संपन्न हुआ। श्री सीमेंट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दिलीप टांक ने बताया कि इस अधिवेशन में 3 साल के लिय नई कार्यकारिणी बनाई गई जिसमें अध्यक्ष रतनलाल शर्मा आदित्य सीमेंट एवं महामंत्री शंकरसिंह लगेत श्री सीमेन्ट को नियुक्त किया गया। इस अधिवेशन में राजस्थान मैं कार्यरत सभी भारतीय मजदूर संघ संबंधित सीमेंट इकाईयां सामिल हुई। भारतीय मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्रसिंह डाबी व सीमेंट प्रभारी लखनसिंह गुर्जर उपस्थित हुए ।

## परीक्षा में 57.99 प्रतिशत उपस्थित

**अजमेर** । राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सीनियर टीचर (संस्कृत शिक्षा विभाग) भर्ती परीक्षा का विषयवार आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन रविवार को (जीके) सामान्य ज्ञान विषय का पेपर हुआ, जिसमें 58 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड द्वितीय (संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा 2024 की विषय परीक्षा में दूसरे दिन भी जारी है। रविवार को परीक्षा सेंटर पर एक घंटे पहले संघ जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रदेश में शीतलहर और सर्दी को देखते हुए अभ्यर्थियों को स्वेटर और शूज पहनने की इजाजत दी है।

दूसरे दिन पहली पारी में जीके एंड एजुकेशनल साइकोलॉजी का पेपर हुआ और 4 लाख 70 हजार 116 में से 2 लाख 72 हजार 637 कैंडिडेट्स शामिल हुए। 1 लाख 97 हजार 479 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 57.99 प्रतिशत रही।

अजमेर के 75 सहित प्रदेशभर में करीब 1400 परीक्षा केंद्रों पर 31 दिसंबर तक विषयवार परीक्षा आयोजित होंगी। छह सब्जेक्ट के कुल 347 पदों के लिए परीक्षा में 4 लाख 70 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि सोमवार को गणित विषय का पेपर सुबह 9:30 से 12 बजे तथा द्वितीय पारी में संस्कृत विषय की परीक्षा दोपहर 2:30 से 5 बजे होगी, इसी प्रकार 31 दिसंबर को सुबह 9:30 से 12 बजे अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी।

## श्रीयादे माता प्रजापति सेवा समिति की बैठक में लिए कई निर्णय



प्रजापति सेवा समिति पुष्कर की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष हीरालाल प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

**पुष्कर** (निसं.)। आखिल भारतीय श्री श्रीयादे माता प्रजापति सेवा समिति पुष्कर की कार्यकारिणी की बैठक आज प्रजापति समाज के नये भवन में अध्यक्ष हीरालाल प्रजापति गोविंदगढ़ की अध्यक्षता में आयोजित की गईं। जिसमें शेष रहे सदस्यों के शपथग्रहण एव सदस्यों का कार्यभार वितरण करते हुए भूमि में निर्माण, नये भवन में सोलर प्लांट, लिफ्ट, प्रजापति छात्रावास अजमेर में सुधार हेतु संबंधित, अलग-अलग कमेटियां का गठन किया गया, एवं आजीवन सदस्यता राशि 2100 रुपए रखी गई व आजीवन सदस्य को पुष्कर भवन के रुम रुकने हेतु 250 रुपए राशि निर्धारित गईं हैं। एवं समिति में मासिक मीटिंग हर महीने रहेंगी एवं साधरण सभा हर छ: माह में होंगी समस्त आजीवन सदस्यों के पहचान पत्र मय फोटो बनवाने का निर्णय लिया गया है एवं आमसभा हर वर्ष पुष्कर मेले पर रहतीं हैं लेकिन अब आगामी वर्ष में आमसभा पुष्कर मेले पर नहीं रखकर मेले से एकं माह पुर्व रखी जाएगी एवं आमसभा दिन में रखने का निर्णय लिया गया जो सदस्य लगातार तीन मीटिंग में अनुपस्थित रहता है तो उक्त सदस्य को छ: वर्ष के लिए कार्यकारिणी से निष्कासित किया जाएगा आदि बिन्दुओं पर प्रस्ताव लिया गया है।कार्यक्रम में अध्यक्ष हीरालाल प्रजापति गोविंदगढ़, उपाध्यक्ष ताराचंद प्रजापति थांवला, गोपाल प्रजापति ईटावडा, सचिव सत्यनारायण प्रजापति भराई, प्रजापति समाज 87 गांव अध्यक्ष ताराचंद प्रजापति गोविंदगढ़, सचिव सुखपाल प्रजापति धोलादांता, गोपाल प्रजापति ईटावडा, घासीराम प्रजापति तिलोरा, गिरधारी प्रजापत डोडियाना, ओमप्रकाश प्रजापति नरवर, ओमप्रकाश प्रजापति नसीराबाद, आदि समाजबंधु उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### विभिन्न मामलों में 13 लोग गिरफ्तार



पुलिस ने धरपकड़ करते हुए अलग अलग मामलों में 13 लोगों को गिरफ्तार किया ।

**पुष्कर** (निसं.)। अपराधियों की गिरफ्तारी, धरपकड़, अवैध खनन, लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही के लिए अजमेर एस पी वंदिता राणा से मिले विशेष निर्देशों के बाद पुष्कर पुलिस ने आज एक के बाद एक धरपकड़ करते हुए अलग अलग मामलों में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की पांच अलग अलग टीमों ने आज अभियान चलाते हुए एरिया डॉमिनेशन के तहत बंटी, दीपक, विजय, अजय, नरेश, रमेश नाथ, मोहम्मद रहीस उर्फ बोक्सर, शिवराज भाटी, राहुल जामिल सिंह, गोपाल उदय, कालु, सांवर सिंह को धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया हैं। तो वही बीते लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी सुमेर सिंह को भी आज पुलिस ने गिरफतार किया। इसके अलावा अवैध बजरी लेकर जा रही एक टेक्ट्रर ट्रोली भी जप्त कर कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू- विज्ञान विभाग, जिला अजमेर को सूचना दी गई है।

### 'पिंक सुलभ शौचालय बनाए जाए'

**अजमेर** (कासं)।श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ सहित अनेक व्यापारिक संगठनों ने जिला प्रशासन से शहर के मुख्य बाजारों में महिलाओं के लिए पिंक सुलभ शौचालय बनाने की मांग की है। आगामी बजट के मद्देनजर संगठन के पदाधिकारियों ने नगर निगम अजमेर व जिला प्रशासन को बाजारों में स्थानों को चिह्नत कर सुझाव भी दिए हैं। महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी और सरदार रणजीत सिंह सलूजा ने बताया कि सुभाषनगर व्यापारिक एसोसिएशन की महिला व्यापारी परमिन्दर कौर, सरदार रणजीत सिंह सलूजा, भागचन्द सेन, रामपाल सेन, पंकज कुमार, प्रदीप गुर्जर, धीरज गुर्जर ने नाले पर महिला पिंक शौचालय एवं पुरूष शौचालय बनवाने की मांग। इसी प्रकार नारी शाला व्यापारिक संघ एसोसिएशन के चेतन सैनी व भगवान सिंह ने जलदाय विभाग के पास बने नाले पर सुलभ शौचालय बनवाने। फ्रूट मंडी के हीरानन्द विजरानी ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों महिलाएं फ्रूट सब्जी मंडी में आती जाती है, इसलिए सुलभ शौचालयों के साथ-साथ पिंक शौचालय दोनों मंडियो रिक्त पड़े भूभाग पर बनवाये जाए। उन्होंने मांग कि उपरोक्त चयन स्थानो पर सुलभ शौचालयो को निर्माण स्मार्ट सिटी के अनुसार करवाया जाए।

### ठाकुरजी ने जीमे पौष के पकौड़े

**अजमेर** (कासं)।नया बाजार शिव बाग स्थित प्राचीन मराठा कालीन मंदिर अर्ध चंद्रेश्वर महादेव मंदिर पर रविवार को पौष बडा महोत्सव का आयोजन किया गया । मंदिर के पुजारी श्याम सुंदर शुक्ला ने बताया कि अर्ध चंद्रेश्वर महादेव एवं सगाई वाले बालाजी का मनमोहक श्रृगांर कर महा आरती का आयोजन किया गया। महाआरती के पश्चात ठाकुर जी को दाल का हलवा एवं पकौड़ी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शिव कुमार बंसल महेश तोलानी ओम गोयल लेखराज सिंह राठौड़ अरविंद शुक्ला प्रवीण शुक्ला राकेश काटीवाल मनीष अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

### छप्पन भोग की झांकी सजाई

**विजयनगर** (निसं.)। यह संसार दुख का सागर है यहां ना अमीर सुखी है ना ही गरीब सुखी है जिसने परमात्मा को मन में बसा लिया उसे परम सुख की प्राप्ति होती है उक्त कथन विजयनगर वैष्णो भवन में चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन महामंडलेश्वर राष्ट्रीय संत दिव्य मोरारी बापू ने व्यक्त किया। कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वृत्तांत सुनाया इन्हीं में से गोवर्धन पूजा के प्रसंग के दौरान उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने भगवान इंद्र के घमंड को चूर-चूर करने के लिए गिरिराज को अपनी उंगली पर धारण किया और बृजवासियों को गिरिराज पूजा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई जिसे प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में बांटा गया। कथा के दौरान भजनों की स्वर लहरियों में श्रद्धालु नाचते गाते नजर आए। सिख समाज की ओर से महाराज श्री का स्वागत किया गया और समाज के अध्यक्ष गुरु भेज सिंह टुटेजा ने व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा यजमान कमलेश सुरोलिया, रघुवीर सिंह बरल, दुर्गा प्रसाद सेन, सपना कुमावत ने परिवार जनों सहित आरती में भाग लिया।

### प्रधान राठौड़ ने 450 बांटे कंबल

**मसूदा** (निसं.)। कंपकपाती ठंड के बीच मसूदा प्रधान प्रतिनिधि एवं शिखरानी सरपंच सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने मसूदा विधानसभा की ग्राम पंचायत दौलतपुरा (द्वितीय), उत्तमी, ख़ीमपुरा में जरूरतमंदों को रविवार को 450 कंबल ओढ़ाए। ज्ञात हो कि पिछले 4 वर्षों में भी प्रधान राठौड़ ने 40 ग्राम पंचायतों में अपने निजी आय से हजारों कंबलों का वितरण कर जनहित के कार्य किये। कार्यक्रम में दोनों ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह राठौड़ एवं अतिथियों का माल्यार्पण साफा बंधन के साथ स्वागत सत्कार किया तत्पश्चात प्रधान प्रतिनिधि राठौड़ ने किए गए विकास कार्यों का प्रतिवेदन दिया दौलतपुरा (द्वितीय) ओ बी सी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दूदाराम गोदारा, ग्राम पंचायत दौलतपुरा सरपंच प्रभु सिंह रावत वार्ड पंच सोहन जी पप्पू सिंह रावत सिकन्दर चीता सुमेर सिंह रावत शंकर सिंह रावत सुरेंद्र जी उपसरपंच साहब रज्जाक भाई यह सभी वार्ड पंच है समाज सेवी शाहाबुदीन जी मेट विजय सिंह चीता मेट और सभी ग्रामवासी ग्राम विकास अधिकारी, वार्ड पंच गण ग्रामीण साथ रहे।

### सड़क निर्माण की जाँच की मांग

**बांदनवाड़ा** (निसं.)। अजमेर जिला देहात भाजपा के मीडिया सह संयोजक प्रदीप सिंह भदोरिया ने नेशनल हाइवे 48 पर नसीराबाद से बिजयनगर के मध्य हुए सिक्स लेन निर्माण में क्वालिटी वर्क नहीं होने की वजह से आए दिन होने वाली परेशानी को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सड़क, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर नेशनल हाइवे अथॉरिटी के खिलाफ मिलीभगती के आरोप लगाया।

## पूर्व उपसभापति ने लिया आशीर्वाद

**पुष्कर** (निसं.)। कस्बे की यादव धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथें दिन कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बाल स्वरूप में कृष्ण की सजीव झांकी सजाई तथा आयोजक परिवार की ओर से जन्मोत्सव की आरती उतार कर बधाईयां बांटी गई। वहीं उपस्थित भक्त गण संगीतमय भजनों पर जमकर आनंद ले रहे है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी भागीदारी फर्म मैसर्स ललित मार्बल इण्डस्ट्रीज, प्लाट संख्या जी-93, इण्डस्ट्रीयल एरिया, बिदियाद, जिला नागौर (न्यू जिला डीडवाना-कुचामन) (राज0), पंजीयन संख्या: RF/NGR/2018/940 है तथा इस भागीदारी फर्म से भागीदार कन्हैया लाल जोशी पुत्र मुन्ना लाल कि 23.06.2024 को हो जाने पर उनके स्थान पर सभी भागीदारों की आपसी सहमति से दिनांक 23.06.2024 से संतोष मृत्यु दिनांक- देवी पत्नि कन्हैया लाल को इस भागीदारी फर्म में नया भागीदार बनाया गया हैं। जिसमें सभी भागीदारों की सहमति हैं तथा अब इस भागीदारी फर्म में वर्तमान में हम निम्न भागीदार हैं 1. मुन्ना लाल, 2. संतोष देवी, 3. धर्म चन्द जोशी व 4. ललित किशोर जोशी। यदि किसी को आपत्ति हो तो रजिष्ट्रार ऑफ फर्मस नागौर के कार्यालय में पन्द्रह दिन में दर्ज करा सकते हैं। मियाद गुजरने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक/योजना/2024-25/420 | दिनांक- 26/12/2024

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित करने पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम की आनासागर सरक्युलर रोड़ योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या जी-65 क्षेत्रफल 333.33 वर्गगज के मूल आवंटी श्री राधे श्याम खण्डेलवाल पुत्र श्री जय नारायण खण्डेलवाल के नाम आवंटित है। श्री राधे श्याम खण्डेलवाल जरिये वसीयत पत्र द्वारा श्री रामप्रसाद गुप्ता पुत्र श्री राधे श्याम खण्डेलवाल को वसीयत की गयी है। श्री राधे श्याम खण्डेलवाल का स्वर्गवास दिनांक 08.11.2022 को हो चुका है। श्री रामप्रसाद गुप्ता जरिये पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 25.11.2024 को श्रीमती शशि गुप्ता पत्नी श्री रामप्रसाद गुप्ता को उपहार किया गया। श्रीमती शशि गुप्ता पत्नी श्री रामप्रसाद गुप्ता निवासी जी-65, जी ब्लॉक, वैशाली नगर, अजमेर ने उक्त दस्तावेजों के आधार पर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2023-24/111487 दिनांक 06.12.2024 को संयुक्त नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 कार्य दिवस के भीतर आपत्ति नगर निगम कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। उपायुक्त नगर निगम अजमेर